प्रश्न सं. [क्र. 650]

परिशिष्ट -(1)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय / REGIONAL OFFICE
ई-6/47, स्मृति परिसर, साईबोर्ड के पास, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.)-462016
E-6/47, Smriti Parisar, Near Sai Board, Arera Colony, Bhopal (M.P.)-462016
दूरभाष/Phone: 0755-2426638, फैक्स/Fax: 0755-2426698, ई-मेल/E-mail ID: robhopal@nhai.org

सत्यमेव जयते

भा.रा.रा.प्रा. / क्षे.का.–म.प्र. / भोपाल / विधान सभा / 2024 / 5241

दिनांक 04 / 12 / 2024

प्रति,

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग
भोपाल, मध्यप्रदेश

Sub: विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 650 में श्री आशीष गोविंद शर्मा "राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्रामों को सर्विस रोड से जोड़े जाना। !"

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमाक 650 में श्री आशीष गोविंद शर्मा जी द्वारा पुछे गए प्रश्न का उत्तर निम्नानुसार है-:

क्रं	प्रश्न	उत्तर
(क)	राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में 53A मार्ग पर फोरलेन रोड निर्माण कार्य प्रगति पर है रोड से लगे ग्रामों में लोगो को आने जाने हेतु क्या कनेक्टविटी रहेगी जानकारी दे।	एनएच–47 के इंदौर–हरदा खंड राघोगढ़ से ननासा और ननासा से पिडगांव का निर्माण पीआईयू हरदा के अधिकार क्षेत्र मे चल रहा है। खंड राघोगढ़ ननासा को केंद्र नियंत्रित राजमार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है और गांवों तक संपर्क निर्माणाधीन अंडरपास के माध्यम से होगा, हालांकि राजमार्ग तक पहुंच केवल निर्दिष्ट प्रवेश बिंदु के माध्यम से होगी।
(ख)	खातेगांव विधान सभा क्षेत्र के अतर्गत ग्राम बरबई खेड़ा एवं ग्राम चपलासा व ग्राम बागनखेड़ा जहाँ पर नवरात्रि में माता मंदिर पर लाखों श्रद्धालु आते है के लिये इन ग्राम में आने हेतु क्या सर्विस रोड का निर्माण किया जावेगा या नहीं जानकारी दे।	राष्ट्रीय राजमार्ग 47 के खण्ड राघोगढ ननासा पैकेज–2 में 83.632 किमी पर अंडरपास का प्रावधान किया गया है, जो चपलासा गांव से बागानखेड़ा तक सड़क संपर्क प्रदान करता है, जो कलवार गांव को कन्नोद ब्लॉक से जोड़ता है।
(ग)	प्रश्नकर्ता के विधान सभा क्षेत्र के ग्राम ननासा में फ्लाय ओवर एवं सर्विस रोड की जो सुविधा दी गई है क्या वही सुविधा प्रश्नांश (ख) में अंकित ग्रामों के नागरिकों के लिये आने-जाने के लिये दी जावेगी जानकारी दे।	राष्ट्रीय राजमार्ग 47 के खण्ड राघोगढ ननासा पैकेज–2 का निर्माण Detailed Project Report NHAI की पॉलिसी के आधार पर किया जा रहा हैं, जैसा की उपरोक्त उत्तर में वर्णित हैं। अतःफ्लाय ओवर व सर्विस रोड की सुविधा व अन्य प्रावधान DPR के आधार पर ही किया जा रहा है।

आपकी जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(पारस बंसल)
प्रबंधक (तक.)

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल